| | |
|---|---|
| UPRVUNL | उ0 प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन सेवा आयोग,<br>**उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0**<br>**कक्ष संख्या 1025, दशम तल, शक्ति भवन विस्तार**<br>**14–अशोक मार्ग, लखनऊ–226001**<br>**CIN: U40101UP1980SGC005065** |

पत्रांक : 609 –उ0से0आ0/उ0नि0लि0/वि0सं0–1/यूपीआरवीयूएसए/2022/अपर निजी सचिव (विभागीय)     दिनाँक: 08 अगस्त, 2022

## कार्यालय ज्ञाप

उ0 प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड मुख्यालय अपर निजी सचिव सेवा विनियमावली में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत उ0 प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0 में कार्यरत न्यूनतम तीन वर्ष की नियमित सेवा पूर्ण कर चुके आशुलिपिकों से, जो **वि0सं0–01/यूपीआरवीयूएसए/2022 (विभागीय) (प्रति संलग्न)** में वर्णित अर्हतायें, नियम व शर्तें पूर्ण करते है, विभागीय प्रोन्नति के अन्तर्गत अपर निजी सचिव के **रिक्त 01 (एक) पद** पर चयन के माध्यम से प्रोन्नति हेतु अर्ह विभागीय कार्मिकों से आवेदन आमंत्रित किये जाते है।

संलग्नः यथोपरि।

**निदेशक (कार्मिक प्रबन्धन एवं प्रशासन)**
**उ0 प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0**

**पत्रांकः 609 उ0से0आ0/उ0नि0लि0/वि0सं0–1/यूपीआरवीयूएसए/2022/अपर निजी सचिव (विभागीय), तद्दिनाँक :**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को कृपया सूचनार्थ प्रेषित :–

1. प्रबन्ध निदेशक, उ0 प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0, शक्ति भवन, लखनऊ के निजी सचिव।
2. निदेशक (कार्मिक प्रबन्धन एवं प्रशासन/तकनीकी/परियोजना एवं वाणिज्य/वित्त), उ0 प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ के निजी सचिव/स्टाफ ऑफीसर।
3. मुख्य महाप्रबन्धक/महाप्रबन्धक, ओबरा/अनपरा/हरदुआगंज/पनकी/पारीछा/जवाहरपुर ताप विद्युत गृह, ओबरा, सोनभद्र/अनपरा, सोनभद्र/कासिमपुर, अलीगढ़/पनकी, कानपुर/पारीछा, झाँसी/जवाहरपुर, मलावन, एटा।
4. मुख्य अभियन्ता (स्तर–1/स्तर–2), मानव संसाधन/पी0पी0एम0एम0/तापीय परिचालन/न्यू कोल ब्लॉक/जानपद एवं नवपरियोजना/ईधन/ वाणिज्य/आर0 एण्ड एम0/पर्यावरण एवं सुरक्षा इकाई, उ0प्र0रा0वि0उ0नि0लि0, शक्ति भवन विस्तार, 14–अशोक मार्ग लखनऊ।
5. कम्पनी सचिव, उ0प्र0रा0वि0उ0नि0लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
6. उप महाप्रबन्धक (लेखा प्रशासन), उ0 प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
7. मुख्यालय स्थित समस्त अधीक्षण अभियन्ता/उपमहाप्रबन्धक, उ0 प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
8. कार्मिक अधिकारी, उ0 प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
9. मुख्य परियोजना प्रबन्धक (प्रगति), उ0नि0लि0, लखनऊ को इस आशय के साथ प्रेषित कि इस कार्यालय ज्ञाप को निगम की वेबसाइट www.uprvunl.org पर अपलोड कराये जाने हेतु अधीनस्थ को निर्देशित कर दें।
10. सूचना–पट, उ0 प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन सेवा आयोग/उ0प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0, शक्ति भवन/विस्तार, 14–अशोक मार्ग, लखनऊ।

8/8/22
**( तरूण कुमार जैन )**
**सचिव**

| | |
|---|---|
| UPRVUNL | उ0 प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन सेवा आयोग,<br>**उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0**<br>**कक्ष संख्या 1025, दश्म तल, शक्ति भवन विस्तार**<br>**14–अशोक मार्ग, लखनऊ–226001**<br>**CIN: U40101UP1980SGC005065** |

## विज्ञापन संख्याः 01/यूपीआरवीयूएसए/2022 (विभागीय)

**( केवल विभागीय कार्मिकों हेतु )**

उ0 प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड मुख्यालय अपर निजी सचिव सेवा विनियमावली में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत उ0 प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0 में कार्यरत न्यूनतम तीन वर्ष की नियमित सेवा पूर्ण कर चुके आशुलिपिकों से, जो निम्नलिखित अर्हतायें पूर्ण करते है, विभागीय प्रोन्नति के अन्तर्गत अपर निजी सचिव के **रिक्त 01 (एक) पद** पर चयन के माध्यम से प्रोन्नति हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते है :–

1. **अर्हताऐ** :–

(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि।

(ii) हिन्दी आशुलेखन में 80 शब्द प्रति मिनट की गति एवं हिन्दी व अग्रेजी टंकण में 40–40 शब्द प्रति मिनट की गति।

**नोटः** दूरस्थ शिक्षा (Distance Learning Education) से प्राप्त डिग्री कार्यालय ज्ञाप संख्या 06–उनिलि/रिफार्म/विनियमः157–25/2013 दि0 16.01.2014 के अन्तर्गत विषयगत चयन हेतु मान्य नही होंगे।

2. **चयन प्रक्रिया** :–

कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT), हिन्दी आशुलेखन, हिन्दी व अंग्रेजी की टंकण परीक्षा तथा अभिलेखीय परीक्षण होगा। कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) में प्राप्त अंको के आधार पर श्रेष्ठतानुसार, रिक्तियों के **पॉच गुना** अर्ह Short listed अभ्यर्थियों को आशुलेखन तथा टंकण परीक्षा हेतु आमंत्रित किया जायेगा, जिसमें सम्मिलित होना अनिवार्य है। आशुलेखन एवं टंकण परीक्षा अर्हकारी प्रकृति की होंगी अर्थात अभ्यर्थी को हिन्दी टंकण में 40 शब्द प्रति मिनट और अंग्रेजी टंकण में 40 शब्द प्रति मिनट की गति के साथ तथा हिन्दी आशुलेखन में 80 शब्द प्रति मिनट की गति के साथ अर्ह होना अनिवार्य है अर्थात आशुलेखन एवं हिन्दी व अंग्रेजी की टंकण परीक्षा हेतु निर्धारित गति को प्राप्त न कर पाने वाले अभ्यर्थी चयन प्रक्रिया से बाहर हो जायेगें। आशुलेखन व कम्प्यूटर पर हिन्दी व अंग्रेजी टंकण परीक्षा में अर्ह (Qualified) अभ्यर्थियों में से कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) में प्राप्त अंको के आधार पर श्रेष्ठतानुसार रिक्तियों के **तीन गुना** अभ्यर्थियों को अभिलेखीय परीक्षण (Documents Verification) हेतु बुलाया जायेगा। उपरोक्त निर्धारित कम्प्यूटर आधारित परीक्षा, आशुलेखन व टंकण परीक्षा एवं अभिलेखीय परीक्षण में अभ्यर्थियों को उपस्थित होना अनिवार्य है। अनुपस्थित होने की दशा में पुनः अवसर प्रदान नही किया जायेगा। ऐसी स्थिति में अभ्यर्थी का अभ्यर्थन निरस्त हो जायेगा।

3. **लिखित परीक्षा का विवरण** :–

**प्रथम भागः**–

**(i)** इस भाग में NIELIT के "O" स्तर के कम्प्यूटर ज्ञान से सम्बन्धित वस्तुनिष्ठ प्रकार का प्रश्न–पत्र होगा, जिसें 50 प्रश्न होगें। प्रत्येक प्रश्न 01 अंक का होगा अर्थात यह परीक्षा अधिकतम 50 अंको की होगी। प्रत्येक गलत उत्तर के लिये ऋणात्मक 1/4 अंक प्रदान किये जायेगें अर्थात 1/4 अंक की कटौती की जायेगी।

**(ii)** कम्प्यूटर ज्ञान के प्रथम भाग की इस परीक्षा में कम से कम 20 अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित अभ्यर्थी को अर्ह न मानते हुए उसकी लिखित परीक्षा के द्वितीय भाग का मूल्याकंन नहीं किया जायेगा।

**(iii)** कम्प्यूटर ज्ञान के इस प्रथम भाग में प्राप्त किये गये अंक श्रेष्ठता निर्धारण हेतु जोडे नही जायेंगे।

....2

**द्वितीय भाग:–**

**(i)** इस भाग में निम्नांकित पाठ्यक्रम से सम्बन्धित वस्तुनिष्ठ प्रकार का प्रश्न पत्र होगा जिनके अधिकतम अंक सम्मुख अंकित है, पत्येक प्रश्न 01 अंक का होगा तथा प्रत्येक गलत उत्तर के लिये ऋणात्मक 1/4 अंक प्रदान किये जायेंगे अर्थात 1/4 अंक की कटौती की जायेगी।

| पाठ्यक्रम | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक |
|---|---|---|
| **1.** सामान्य हिन्दी (इण्टरमीडिएट उच्च स्तर) | 60 | 60 |
| **2.** सामान्य अंग्रेजी (इण्टरमीडिएट उच्च स्तर) | 60 | 60 |
| **3.** सामान्य अध्ययन<br>व<br>तार्किक ज्ञान | 40<br><br>40 | 40<br><br>40 |
| **कुल अंक** | | **200** |

**(ii)** तृतीय भाग की आशुलेखन, टंकण परीक्षा (हिन्दी व अंग्रेजी) में वे ही अभ्यर्थी अर्ह शार्टलिस्ट किये जायेगें जिन्होंने द्वितीय भाग की कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) में न्यूनतम 33% अंक प्राप्त किया हो अर्थात द्वितीय भाग की कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) में न्यूनतम 33% अंक प्राप्त करना अनिवार्य है।

**तृतीय भाग:–**

उपरोक्त द्वितीय भाग की कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) में प्राप्त अंको की मेरिट के आधार पर श्रेष्ठतानुसार रिक्त पदों के विरूद्ध अधिकतम **पॉच गुना** अभ्यर्थियों को हिन्दी आशुलेखन तथा हिन्दी व अंग्रेजी की टंकण परीक्षा हेतु आमंत्रित किया जायेगा, जिसमें सम्मिलित होना अनिवार्य है।

**(i) आशुलेखन परीक्षा :–**

हिन्दी आशुलेखन परीक्षा के लिये दिये जाने वाले श्रुतलेख (Dictation) हेतु 05 मिनट का समय निर्धारित होगा। इस 05 मिनट की अवधि में दिये गये श्रुतलेख (Dictation) के कम्प्यूटर पर टंकण हेतु 30 मिनट का समय निर्धारित होगा और इस प्रकार इस 35 मिनट की अवधि में लिये गये श्रुतलेख एवं किये गये टंकण के आधार पर आशुलेखन गति का निर्धारण किया जायेगा।

**(ii) टंकण परीक्षा :–**

**(a)** कम्प्यूटर पर हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों भाषाओं में टंकण की परीक्षा आयोजित की जायेगी। हिन्दी टंकण परीक्षा Kruti Dev 010 या Kruti Dev 016 फोन्ट में ली जायेगी।

**(b)** टंकण हेतु अभ्यर्थियों को कम्प्यूटर पर 05 मिनट की परीक्षा में प्रतिभाग लेना होगा, जिसके आधार पर टंकण गति का निर्धारण किया जायेगा।

**4. आवेदन कैसे करें :–**

अभ्यर्थी आवेदन पत्र **(Annexure-A)** को पूर्ण रूप से भरने के उपरान्त उसे PDF में परिवर्तित करके ई–मेल **secretary.sewa_aayog@uprvunl.org** पर आवेदन की निर्धारित अन्तिम तिथि **20.08.2022 (05:pm)** तक अवश्य उपलब्ध करा दें तथा उसकी मूल प्रति **सचिव (उ0 प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन सेवा आयोग), उ0 प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0, कक्ष संख्या 1025, 10वॉ तल, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ–226001 (उत्तर प्रदेश)** के पते पर विलम्बतम् **25.08.2022 (05:pm)** तक अवश्य प्राप्त करा दें। वार्षिक गोपनीय आख्या/दण्डसार **(Annexure-B)** से सम्बन्धित सूचना नियंत्रक अधिकारी द्वारा सीधे उत्पादन सेवा आयोग के उक्त पते पर डाक द्वारा प्रेषित किया जायेगा। अभिलेखीय परीक्षण हेतु अर्ह शार्टलिस्टेड अभ्यर्थियों के मूल अभिलेखों की जॉच अभिलेखीय परीक्षण के समय की जायेगी। अतः अभिलेखीय परीक्षण हेतु शार्टलिस्टेड अभ्यर्थी अपने आवेदन में दर्शाये गये समस्त अभिलेखों की मूल प्रति एवं उसकी एक फोटो प्रति अवश्य लाये।

.....3

5. **<u>टाई (Tie) ब्रेकिंग रूल :</u>**
द्वितीय भाग की कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) हेतु निर्धारित 200 अंको के आधार पर ही अभ्यर्थियों की अन्तिम मेरिट सूची बनाकर चयन की प्रक्रिया सम्पन्न की जायेगी। यदि एक से अधिक अभ्यर्थी द्वितीय भाग की कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) में समान अंक प्राप्त करते है, तो ऐसी स्थिति में जन्मतिथि के अनुसार अधिक आयु वाले अभ्यर्थी को चयन में वरीयता दी जायेगी।

6. ऐसे अभ्यर्थी जिनके विरूद्ध नैतिकता अधमता के किसी अपराध इत्यादि सम्बन्धी प्रकरण में आरोपित है तथा जॉच प्रकरण प्रचलन में है उक्त चयन प्रक्रिया हेतु पात्र नही होंगें।

7. **आवेदन की महत्वपूर्ण तिथियॉ :**

| क्रम | विवरण | तिथि |
|---|---|---|
| 1 | आवेदन पत्र आरम्भ करने की तिथि | 08.08.2022 |
| 2 | आवेदन पत्र की अन्तिम तिथि | 20.08.2022 |
| 3 | आवेदन पत्र का प्रारूप | **(Annexure-A)** |

( तरूण कुमार जैन )
सचिव

**ANNEXURE-A**

| UPRVUNL | UTTAR PRADESH RAJYA VIDYUT UTPADAN SEWA AAYOG<br>UTTAR PRADESH RAJYA VIDYUT UTPADAN NIGAM LTD.<br>(An Undertaking of U.P. Government)<br><br>ROOM NO. 1025, 10th FLOOR, SHAKTI BHAWAN EXTENSION, LUCKNOW<br>CIN: U40101UP1980SGC005065 |
|---|---|

## Application Form for Departmental Candidates

**(FILL UP THE FORM IN CAPITAL LETTERS ONLY)**

| ADVERTISEMENT NUMBER: | 01/UPRVUSA/2022 (Departmental) |
|---|---|
| Post Name: | Additional Private Secretary (APS) |
| UPRVUNL Employee Code : (Filled by Candidate) | |
| Application Number: (Filled by Department) | |
| Roll Number: (Filled by Department) | |

| ADVERTISEMENT NUMBER: | | | | |
|---|---|---|---|---|
| Applicant Full Name: | | Father/Guardian's Full Name: | | Affix recent passport (5cm×7cm) size colour photographs |
| Mother's Full Name: | | Gender: | | |
| Date of Birth: (Mention as 10th Certificate) | (dd/mm/yyyy) | Age as on 01.07.2022: | (yyyy/mm/dd) | |
| Email-ID: | | Mobile Number: | | |
| Alternate Email-ID: | | Alternate Mobile Number: | | Signature of Applicant |

**COMMUNICATION DETAILS:**

| ADDRESS DETAILS | Communication address | Permanent Address |
|---|---|---|
| Address Line 1 | | |
| Address Line 2 | | |
| Address Line 3 | | |
| Address Line 4 | | |
| Address Line 5 | | |
| District | | |
| State | | |
| PIN | | |

## ESSENTIAL EDUCATIONAL QUALIFICATION DETAILS:

| QUALIFICATION DETAILS | BOARD/UNIVERSITY | YEAR OF PASSING | PERCENTAGE OF MARKS |
|---|---|---|---|
| High School/ 10th Details | | | |
| Intermediate/ 12th Details | | | |
| Graduation Details | | | |
| OTHER QUALIFICATION IF ANY (Yes/No):____________ | | | |
| | | | |
| | | | |

## APPLICANT SERVICE DETAILS UPSEB/UPRVUNL:

| DETAIL OF JOINING ON 1ST APPOINTMENT OF UPSEB/UPRVUNL | | | CONFIRMATION DETAILS | |
|---|---|---|---|---|
| NAME OF POST | PLACE OF POSTING | DATE OF JOINING | NAME OF POST | DATE OF CONFIRMATION |
| | | | | |

| SL. No. | NAME OF POST | PLACE OF POSTING | DURATION OF SERVICE | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | FROM (dd/mm/yyyy) | TO (dd/mm/yyyy) | TOTAL DURATION (yyyy/mm/dd) |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

## DECLATATION:

**I SOLEMNLY UNDERTAKE** to accept and abide by the rules of the **UTTAR PRADESH RAJYA VIDYUT UTTPADAN NIGAM LIMITED**. I hereby solemnly affirm that I have gone through the Advertisement and solemnly declare an oath that the entries made by me in the above columns are true to the best of my knowledge and belief and also have fulfilled all the essential educational qualifications. If at any time, the entries are found incorrect, the Selection shall outrightly be cancelled and any other action as deemed fit may be taken by **UPRVUNL**.

**Date:** **Signature of Applicant**

**Note:-**

1. The self attested photo copies and original of all essential educational qualification certificates along with mark sheet shall have to be produced at time of documents verification.
2. Certify copy of Service Book first page and the page containing Joining date from Controlling Officer shall have to be produced at time of documents verification.

**ANNEXURE-B**

## (TO BE FILLED AND SENT TO AAYOG BY CONTROLLING OFFICER)

### SUMMARY OF ANNUAL CONFIDENTIAL REPORTS / PUNISHMENT DETAILS:

| | | |
|---|---|---|
| **Employee Name:** | | Affix recent passport (5cm×7cm) size colour photograph (To be got attested by Controlling Officer) |
| **Father/Guardian's Full Name:** | | |
| **Date of Birth:** | | |
| **Designation:** | | |
| **Present Place of posting:** | | |

### LAST 10 YEARS REGISTER ENTRIES OF ANNUAL CONFIDENTIAL REPORTS /PUNISHMENT DETAILS:

| SL. No. | Financial Year | DURATION | | Description of Provide Category | | | Punishment Details (If any) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | From | To | Reporting Officer | Reviewing Officer | Final Officer | |
| 1. | 2021-22 | 01.04.2021 | 31.03.2022 | | | | |
| 2. | 2020-21 | 01.04.2020 | 31.03.2021 | | | | |
| 3. | 2019-20 | 01.04.2019 | 31.03.2020 | | | | |
| 4 | 2018-19 | 01.04.2018 | 31.03.2019 | | | | |
| 5. | 2017-18 | 01.04.2017 | 31.03.2018 | | | | |
| 6. | 2016-17 | 01.04.2016 | 31.03.2017 | | | | |
| 7. | 2015-16 | 01.04.2015 | 31.03.2016 | | | | |
| 8. | 2014-15 | 01.04.2014 | 31.03.2015 | | | | |
| 9. | 2013-14 | 01.04.2013 | 31.03.2014 | | | | |
| 10. | 2012-13 | 01.04.2012 | 31.03.2013 | | | | |

| | |
|---|---|
| **Integrity certificate status:** | |
| **Status of Pending Enquiry/Disciplinary Proceedings:** | |

**Signature of Controlling Officer**
**With Name /Seal**